an>

Title: Demand of more water from Bhakara Beas Management Board to Rajasthan.

श्री निहाल चन्द (गंगानगर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान भांखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड की तरफ दिलान चाहता हूं, राजस्थान को पानी कम मिल रहा है। ...(व्यवधान) केन्द्र सरकार ने 29 जनवरी, 1955 को पंडित जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में राजस्थान को आठ एफएमए पानी देने का वायदा किया था लेकिन वह पानी नहीं मिला। ...(व्यवधान) 13 जनवरी, 1959 को राजस्थान को सतलुज नदी की तरफ से पानी देने के लिए केन्द्र सरकार ने ऐलान किया था। ...(व्यवधान) 31 दिसम्बर, 1981 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की अध्यक्षता में राजस्थान को 8.6 एफएमए पानी देने का ऐलान किया था। महोदया, आज तक पंजाब ने राजस्थान को पूरा पानी नहीं दिया है। ...(व्यवधान) मेरा सरकार से आग्रह है कि 24 जून, 1985 को केन्द्र के तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जी ने राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलायी थी, ताकि तीनों राज्यों को बराबर-बराबर पानी मिले, लेकिन आज तक राजस्थान के हिस्से का पानी राजस्थान को नहीं मिला है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री दुष्यन्त सिंह,

श्री देवजी एम. पटेल,

श्री राहुल कस्वां और

श्री हरीश मीना को श्री निहाल चन्द्र द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।